संकलित परीक्षा -2 (2015-16)

हिंदी 'ब'

# कक्षा - X (Sample Paper-2)

निर्धारित समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न -पत्र के चार खंड हैं-क,ख,ग,घ।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड क

## (अपठित बोध)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 12

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का सबसे अहम् उद्देश्य तकनीक के माध्यम से आम लोगों का जीवन आसान करना है , इसका आधार है - 'सबके लिए सूचना' (इंफार्मेशन फॉर ऑल)।इसके नौ खंभे हैं, जो लोगों के जीवन- स्तर को सुखद मोड देने की ताकत रखते हैं।इसके जरिए ब्रॉडबैंड हाइवे बनेंगे, जो राजमार्गों की तर्ज पर ब्रॉडबैंड हाइवे से शहरों को जोड़ेगा।सभी नागरिकों की टेलीफोन सेवाएँ तक सुनिश्चित की जाएंगी।पी. सी .ओ. की तरह सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम के जरिए हर ग्रामीण तक इंटरनेट सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाएंगी।इसमें अर्ली हार्वेट प्रोग्राम के द्वारा स्कूल , कॉलेजों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की हाजिरी तक का रिकार्ड रखकर समय पालन व्यवस्था को गाँव - गाँव तक पहुँचाएंगे।आज भारत के आयात में बड़ा हिस्सा इलैक्ट्रोनिक्स चीज़ों का है।डिजिटल इंडिया का लक्ष्य आयात निर्भरता को शून्य करना है।भारत के सॉफ्टवेयर टैलेंट ने धूम मचा रखी है।अगर हार्ड-वेयर यानी इलैक्ट्रोनिक्स सामान बनाने में भारत आगे बढ़ता है, तो पूरी दुनिया में शीर्ष नेतृत्व का तमगा उसे मिल सकता है।ऐसे में यह परियोजना ''मेक इन इंडिया'' की रीढ़ बन जाएगी , तो यह आश्चर्य नहीं होगा ।यह सभी को मालूम है कि तकनीक का सीधा रिश्ता रफ़्तार से होता है इसलिए यह उम्मीद सभी को है कि रोजगार के साथ ही यह जीवन को आसान करने जरिया बन जाएगा । संपूर्ण भारत के गाँव इंटरनेट से जुड़ जाएंगे और सभी काम ऑन लाइन हो सकेंगे परिणामस्वरूप इससे समय और दूरी की बचत होगी ।डिजिटल तिजोरी में आप डॉक्यूमैंट्स

- पैन कार्ड ,आधार कार्ड और अन्य ज़रूरी दस्तावेज रख सकेंगे।

(i) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का सबसे अहम् उद्देश्य क्या है ? **2**

(ii) गाँवों को शहरों की तरह बनाने के लिए डिजिटल इण्डिया के किस-किस कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है? **2**

(iii) भारत आयात के क्षेत्र में विश्व के शीर्ष देशों का नेतृत्व कैसे कर सकेगा? तथा 'मेक इन इंडिया ' की नींव को कैसे पुख़्ता बनाया जा सकता है ? **2**

(iv) जब गाँव इंटरनेट से जुड़ जाएंगे तो क्या परिवर्तन होगा ? **2**

(v) कौन -सी वस्तु का उत्पादन भारत के आयात की निर्भरता को शून्य बना सकता है ? **2**

(vi) डिजिटल तिजोरी क्या है? **1**

(vii) इस गद्यांश का उचित शीर्षक बताइए। **1**

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **8**

सृष्टि का परमपिता है एक
नाम रख डाले किंतु अनेक
वही है राम , वही है अल्लाह,
वही है खुदा ,वही है गॉड
वही है कृष्णा, वही है क्राइस्ट
बनाया अपना अपना इष्ट
सभी ने दिया प्रेम-संदेश
मगर क्यों झुलस रहा यह देश।
न जाने क्या होगा अंजाम
धर्म के नाम ,ये कत्लेआम
राम - राम- राम !
धुँआ ही धुँआ ,लपट ये चीख,
ज़िंदगी माँग रही है भीख ,
नाचते चाकू ,छुरे, कृपाण,

मुड़े हैं उधर ,जिधर इंसान,

घृणा की आग ,हवस का शोर

सुनाई देता है हर ओर

खुदा के बंदों ,मनु की संतान

यदि प्यारा है हिंदुस्तान

लगाओ इस पर शीघ्र - विराम

धर्म के नाम ,ये कत्लेआम , राम - राम -राम !

(i) उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने कैसे वातावरण को चित्रित किया है ? **2**

(ii) उपर्युक्त काव्यांश में कवि किस कार्य पर विराम लगाने की बात कर रहा है और क्यों ? **2**

(iii) क) कवि ने कत्लेआम का आधार बताया है ? **2**

ख) कवि के अनुसार धर्मो में क्या संदेश निहित है?

(iv) उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखते हुए बताइए कि हिंसा का इंसान पर कैसा प्रभाव पड़ता है? **2**

(v) उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने कैसे वातावरण को चित्रित किया है ? **2**

## खंड ख

## (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3** निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए- **3**

(i) जैसे ही बच्चे स्कूल पहुँचे , चपरासी मे घंटी बजा दी । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ii) दो दिन से काफ़ी ठंड थी इसलिए वह बीमार पड़ गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(iii) ऐसा कौन होगा जिसने कल्पना चावला का नाम न सुना होगा। (रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार बताइए)

**प्रश्न 4** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए - **4**

(i) प्लेट में रखकर फल खिलाओ मामा जी को।

**(ii)** अनेकों वीरों ने ने देश की खातिर प्राण गँवा दिए।

**(iii)** मैं इस बात को पुनः दोहराता हूँ।

(iv) भारतवासियों का लक्ष्य देश की चहुँमुखी प्रगति होनी चाहिए।

**प्रश्न 5** (i) शब्द किसे कहते हैं? वह पद से कैसे भिन्न है? **2**

(ii) शब्द और पद का सोदाहरण अंतर स्पष्ट कीजिए

**प्रश्न 6** निम्नलिखित समस्त - पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए- **2**

क) (i) परलोकगमन

(ii) गजानन

ख) निम्नलिखित शब्दों से समास बनाइए तथा समास का नाम लिखिए-

(i) पाँच वटों का समूह

(ii) मरने तक

**प्रश्न 7** निम्नलिखित रिक्त स्थानों पर ऐसे मुहावरे का प्रयोग कीजिए कि इस प्रकार अपने वाक्य में उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए - **2**

क) इतना पढ़ने के बाद भी तुमने कौन- सा ............... मार लिया ,अब तक बेरोज़गार घूम रहे हो।

ख) सद्‌बुद्धि से काम करने वाले लोगों को कभी भी ...............धुनना नहीं पड़ता।

## खंड ग

## (पाठ्य- पुस्तक)

प्रश्न 8 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः** **2+2+1=5**

(i) इंस्पेक्टर ने कुत्ते को जनरल साहब का कुत्ता मानने से कैसे इंकार किया ?

(ii) वज़ीर अली की क्या स्कीम थी ? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए।

(iii) लेखक ने जापानियों के दिमाग में 'स्पीड' का इंजन लगने की बात क्यों कही है ?

प्रश्न 9 बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा ? क्या बढ़ती हुई आबादी से प्रकृति असंतुलित होती है ? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले ' पाठ के आधार पर लिखिए।

अथवा

'झेन की देन ' पाठ के आधार पर बताइए कि जापानी लोगों को मानसिक बीमारियाँ अधिक क्यों होती हैं?

**प्रश्न 10** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **5**

" जनरल झिगालॉव ! हूँ येल्दीरीन ,मेरा लेट उतरवाने में मेरी मदद करो - ओफ़्फ़ ! आज कितनी गरमी है।लग रहा है आज बारिश होकर रहेगी।" वह ख्यूक्रिन की तरफ मुड़ा -" एक बात मेरी समझ में नहीं आती - आखिर इसने तुम्हें कैसे काट खाया ? यह तुम्हारी उँगली तक पहुँचा कैसे ? तुम इतना लंबा तगड़ा आदमी और यह रत्ती भर का जानवर ! ज़रूर ही तेरी उँगली पर कोई कील वगैरा गड़ गई होगी और तत्काल तूने सोचा होगा कि इसे कुत्ते के मत्थे मढ़कर कुछ हर्ज़ाना वगैरा ऐंठकर फ़ायदा उठा लिया जाए। मैं तेरे जैसे शैतान लोगों को अच्छी तरह समझता हूँ।

(i) इंस्पेक्टर ओचुमेलॉव को गरमी क्यों लग रही थी?

(ii) इंस्पेक्टर ओचुमेलॉव ने ख्यूक्रिन को गलत सिद्ध करने के लिए क्या आरोप लगाए?

(iii)'मत्थे मढ़ना' , 'रत्ती भर ' मुहावरों का एक-एक ऐसा वाक्य बनाओ जिससे इसका अर्थ स्पष्ट हो सके।

**प्रश्न 11** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **5**

(i) कवि बिहारी ने भक्ति के कौन से बाहरी आडबरों का विरोध किया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'मधुर -मधुर मेरे दीपक जल ' कविता में कवयित्री को आकाश के तारे स्नेहहीन से क्यों प्रतीत होते हैं?

(iii) 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर बताइए कि हमारी परमात्मा से क्या प्रार्थना होनी चाहिए औ क्यों ?

**प्रश्न 12** 'मनुष्यता' कविता आज के समय में लोक कल्याण करने की प्रेरणा देने वाली रचना है।' इस कथन को ध्यान में रखते हुए मनुष्यता में निहित संदेश को स्पष्ट कीजिए। **5**

**प्रश्न 14** 'सपनों के- से दिन'पाठ के आधार पर बताइए कि उस समय कि पढ़ाई का तरीका किस प्रकार बाल मनोविज्ञान के विरुद्ध था ? **5**

**अथवा**

'टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग -अलग मज़हब और जाति के थे पर एक अटूट रिश्ते से बँधे थे।' इस कथन के संदर्भ में अपने विचार दीजिए।

**खंड घ**

(रचना- भाग)

**प्रश्न 14** **किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए** **5**

(i) **मार गई महँगाई**

संकेत बिन्दुः- **1**) वर्तमान में स्थिति **2**) आम लोगों पर प्रभाव **3**) बेरोज़गारों व कम वेतन का गुज़ारा कठिन **4**) समस्या से निपटने के लिए सुझाव

(ii) **इंटरनेट का युवा वर्ग पर प्रभाव**

संकेत बिन्दुः- **1**) इंटरनेट संचार का सशक्त माध्यम **2**) युवा वर्ग का इंटरनेट के प्रति बढ़ता रूझान **3**) इंटरनेट का सही प्रयोग विकास का आधार **4** इसका दुरुपयोग समय और धन की बर्वादी

(iii) **शारीरिक शिक्षा और योग**

संकेत बिन्दु ःं**1**) शारीरिक शिक्षा का अर्थ **2**) शारीरिक शिक्षा का महत्त्व **3**) योग शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए लाभदायक **4**)योग के प्रभाव और अच्छे परिणाम **5**) सेहतमंद मानव

**प्रश्न 15** आपके क्षेत्र में सार्वजनिक पार्क की दुर्दशा एवं उपेक्षा के संबंध में चिंता व्यक्त हुए किसी समाचार -पत्र के संपादक के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए पत्र लिखिए। **5**

**प्रश्न 16** कक्षा में देरी से आने का कारण पूछते हुए ,अध्यापिका और छात्र में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। **5**

**प्रश्न 17** आदर्श विद्यालय हिसार का खेल क्लब हिमाचल प्रदेश में पर्वतरोहण का आयोजन कर रहा है।इसका पूरा विवरण देते हुए लगभग **20-30** शब्दों में एक सूचना लिखिए। **5**

**प्रश्न 18** अनुश्री कंपनी ने आयुर्वेदिक तेल और शैम्पू तैयार किया है जिसमें एक सप्ताह के भीतर बालों का झड़ना , उनकी मज़बूती की गांरटी और लाभ न हो तो पैसे वापस करने की गारंटी देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए **5**

संकलित परीक्षा -2 (2015-16)

हिंदी 'ब'

कक्षा -X (Paper Solution-2)

निर्धारित समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 90

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

प्रश्न 1 (i) डिजिटल इण्डिया कार्यक्रम का सबसे अहम् उद्देश्य तकनीक के माध्यम से आम लोगों का जीवन आसान करना हैं। भारतवासियों को अधिक से अधिक सुविधाएँ उपलब्ध करवाना। 12 12

(ii) लोगों के जीवन- स्तर को सुखद बनाने के लिए ब्रॉडबैंड हाइवे बनेंगे, सभी नागरिकों की टेलीफोन सेवाएँ तक सुनिश्चित की जाएंगी। पी सी ओ की तरह सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम के जरिए हर ग्रामीण तक इंटरनेट सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाएंगी।

(iii) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत हार्डवेयर के क्षेत्र में धूम मचाकर भारत आयात के क्षेत्र में विश्व के शीर्ष देशों का नेतृत्व कर सकेगा तथा 'मेक इन इंडिया ' की नींव को पुख़्ता बनाया जा सकता है।

(iv) हर ग्रामीण तक इंटरनेट सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसमें अर्ली हार्वेट प्रोग्राम के द्वारा स्कूल , कॉलेजों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की हाजिरी तक का रिकार्ड रखकर समय पालन व्यवस्था को गाँव - गाँव तक पहुँचाएंगे।

(v) इलैक्ट्रोनिक्स वस्तुओं के उत्पादन से भारत के आयात की निर्भरता को शून्य बनाया जा सकता है। ऐसा करके हम डिजिटल इंडिया परियोजन के द्वारा के सपने को साकार किया जा सकता है।

(vi) डिजिटल तिजोरी में डॉक्यूमैंट्स रखने की सुविधा है जिसमें ज़रूरी दस्तावेज संभालकर रख सकते हैं ,जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि

(vii) डिजिटल इंडिया

प्रश्न 2 (i) उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने सांप्रदायिक आधार पर खून -ख़राबे को वंद करने का अनुरोध किया है जिसके लिए कवि आपसी लड़ाई के कारण वातावरण में तनाव और असुरक्षा के भाव के बीच सभी धर्मो के लोगों को अपने धर्म के उदार तत्वों को पहचानने व मर्यादा को बनाये रखने के लिए कहा है। 8

(ii) उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने धर्म के आधार पर होने वाले सांप्रदायिक दंगों पर विराम लगाने की अपील की है , क्योंकि ये कत्लेआम का कृत्य धर्म व मानवता के विरुद्ध है।

(iii) क) साम्प्रदायिक द्वेष

ख) सभी धर्मो ने दिया प्रेम-संदेश दिया है।

(iv) उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक होगा 'राम -राम-राम '।हिंसा का हमारे समाज पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

## खंड - ख

## (व्यावहारिक - व्याकरण)

प्रश्न 3 वाक्य रूपांतरण 3

(i) बच्चे स्कूल पहुँचे और चपरासी ने घंटी बजा दी ।
(ii) दो दिन से काफ़ी ठंड थी , वह बीमार पड़ गया।
(iii) ऐसा कौन होगा जिसने कल्पना चावला का नाम न सुना होगा। (मिश्र वाक्य)

प्रश्न 4 वाक्य को शुदधि 4
(i) मामा जी को प्लेट में रखकर फल खिलाओ।
**(ii)** अनेक वीरों ने ने देश की खातिर प्राण गँवा दिए।
**(iii)** मैं इस बात को दोहराता हूँ।
**(iv)** भारतवासियों का लक्ष्य देश का चहुँमुखी प्रगति होनी चाहिए।

2

प्रश्न 5 क) वर्णो के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।जैसे-राम ,चित्र इत्यादि
जब शब्द व्याकरणिक इकाई में बंध जाते हैं तो पद बन जाते हैं।जैसे -बच्चे खेल रहे हैं।

ख ) शब्द की सत्ता वाक्य से बाहर होती है और वाक्य में प्रयोग होने के कारण वह पद बन जाता है।शब्दकोश में पदों के नहीं अपितु शब्दों के अर्थ होते हैं।वाक्य में प्रयुक्त शब्द कोई -न-कोई भूमिका निभाता है।जैसे -कर्त्ता, कर्म आदि।कोशगत शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर विभक्ति या प्रत्यय से जुड़कर पद बन जाता है।

प्रश्न 6 क) **समस्त - पदों का विग्रह करके समास का नाम -** 4
परलोक को गमन (तत्पुरूष समास), गज के समान आनन है जिसका (बहुव्रीहि समास)
ख) **समस्त पद बनाकर समास का नाम**

पंचवटी (द्विगु समास ), आमरण (अव्ययीभाव समास )

**प्रश्न 7 मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग** **2**

क) इतना पढ़ने के बाद भी तुमने कौन- सा ...तीर.. मार लिया ,अब तक बेरोज़गार घूम रहे हो।

ख) सद्वुद्धि से काम करने वाले लोगों को कभी भी....सिर....धुनना नहीं पड़ता।

## खंड ग
## (पाठ्य- पुस्तक)

**प्रश्न 8**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः** **2+2+1=5**

(i) जैसे ही सिपाही येल्दीरीन ने बताया कि जनरल साहब के सभी कुत्ते पोंटर हैं तो इंस्पेक्टर तुरंत बदल जाता है। वह तर्क देने लगता है कि ऐसा भद्दा व मरियल कुत्ता जनरल साहब का हो ही नहीं सकता।

(ii) वज़ीर अली की स्कीम थी कि नेपाल पहुँचकर अफ़गानी हमले का इंतज़ार करेगा और अपनी ताकत बढ़ाकर अवध पर कब्ज़ा करना चाहता था।

(iii) लेखक के एक मित्र ने बताया कि जापान में मानसिक रोग अधिक होते हैं और इसका कारण है कि उनके जीवन की रफ़्तार बहुत अधिक है,ये लोग वलते नहीं बल्कि भागते हैं बोलते नहीं बकते हैं, अमेरिका से प्रतिस्पर्धा के कारण इन्हें तनाव उत्पन्न हो गया। अब तो ऐसा लगता है हि जापानियों के दिमाग में 'स्पीड' का इंजन लगा हुआ हो।

**प्रश्न 9** बढ़ती हुई आवादी का पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ा। 'बढ़ते लोग और घटते संसाधन' की प्रवृति के कारण प्रकृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। आवादी बढने के कारण प्रकृति असंतुलित हो गई। अधिक आवास बनाने के लिए मानव ने जंगलों को काट दिया ,पर्वतों समुद्रों की जगह को छीन लिया, पशु-पक्षियों के वसेरे उजड़ गए। जिस स्थान पर घने जंगल होते थे अब उन जगहों पर बड़ी -बड़ी इमारतें बन गई। धीरे-धीरे पृथ्वी का ताप बढ़ने लगा। भूकंप , बाढ ,समुद्री तूफ़ान , जलजले , नित नए -नए रोग और प्रदूषण बढ़ने लगा। बढ़ते लोगों के कारण प्रकृति असंतुलित हो गई। जिसका प्रकृति पर बुरा असर पड़ा।

अथवा

'झेन की देन ' पाठ में बताया है कि जापानी लोगों में तनाव और आगे बढ़ने की तेज़ रफ़्तार के कारण ये लोग मानसिक बीमारियाँ से ग्रसित हैं जिसके कुछ कारण निम्न से है ---

1) अमेरिका के साथ प्रतिस्पर्धा ।
2) एक महीने का काम एक दिन में निपटाने का प्रयास।
3) पहले से तेज़ चल रहे दिमाग को स्पीड का इंजन लगाकर दौड़ाने की कोशिश करना।
4)अन्य देशों से आगे बढ़ने की होड़।

**प्रश्न 10**

**गद्यांश में से अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न** **2+2+1=5**

(i) इंस्पेक्टर ओचुमेलॉव को जैसे ही सुना कि ख्यूक्रिन को जिस कुत्ते ने काटने वाला कुत्ता पुलिस के बड़े अधिकारी जनराल झिगालाव का है , तो वह भयभीत हो उठा। उसे अचानक गरमी लगने लगी और

कोट उतारने की ज़रूरत महसूस हुई। पता ।

(ii) इंस्पेक्टर ने ख्यूक्रिन पर आरोप लगाता है कि उसकी उँगली कील-वील गढ़ गई लगती है। यह जान बूझकर कुत्ते की कहानी बना रहा है ताकि कुत्ते के मालिक से हर्ज़ाना ले सके ।यह शैतान लोगों की सोच है जिसे वह अच्छी से से समझता है।

(iv) मेरे पड़ोसी ने बिजली की सप्लाई ख़राब कर दी और जब विभाग के लोग मुरम्मत करने आये ,उसने उनके सामने सारा दोष मेरे सिर मढ़ दिया। तुम इतने वड़े पहलवान और ये रत्ती भर का लड़का तुम्हारा क्या बिगाड़ सकता है?

**पाठ्य - पुस्तक स्पर्श में से लघूत्तरीय प्रश्न (कविता भाग से)** **2+2+1=5**

**प्रश्न 11**

(i) कवि बिहारी ने भक्ति के लिए माला जपने ,चंदन लगाने, तिलक लगाने, आदि दिखावे की क्रियाओं का खंडन किया है। उनका मानना है कि भक्ति में सच्चे मन की ज़रूरत होती है ,बाहरी आडबरों से परमात्मा खुश नहीं होता।

(ii) 'मधुर -मधुर मेरे दीपक जल ' कविता में कवयित्री को आकाश के तारे स्नेहहीन से इसलिए प्रतीत होते हैं क्योंकि इनमें संसारी लोगों की भाँति भक्ति और प्रेम की बातें तो हैं परंतु श्रद्धा और भक्ति नहीं है ।ये आकाश में निरंतर तारों की एकरस प्रक्रिया है, जोकि भावशून्य है ।

(iii) 'आत्मत्राण' कविता में कवि ने कहा है कि हमारी परमात्मा से यह प्रार्थना होनी कि हे प्रभु! जब हम चारों ओर से दुखों से घिरने पर परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति माँगू ,मुसीबतों से लड़ने का बल पौरूष बने रहने का वरदान माँगना चाहता है। वह प्रभु के सामने दीन -हीन न होकर संकटों से लड़ने का साहस चाहता है। किसी भी शर्त पर वह ईश्वरीय सत्ता पर संशय नहीं चाहते हुए परमात्मा से निवेदन करता है कि मेरे आप पर विश्वास सदैव अटल रहे।

**प्रश्न 12** **निबंधात्मक प्रश्न**

'मनुष्यता' कविता कविवर मैथिलीशरण गुप्त जी एक चेतना-शक्ति का अहसास देने वाली एक उत्कृष्ट रचना है। इस कविता में कवि ने मानव को अन्य सभी प्राणियों से श्रेष्ठ मानते हुए उसे दूसरा के हित में सोचने और करने वाला कहा है। कवि ने चिंतन के दवारा दूसरा की भलाई के लिए त्याग करने वालों का यशोगान किया। दानशील लोगों को सृष्टि का आधार मानते हुए लोककल्याण के कार्यों करने के कारण उन्हें दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत स्वरूप कहा है ।सहानुभूति, अहिंसा, परोपकार, त्याग, बलिदान, भाईचारे की भावाना इत्यादि को लोकमंगल के गुण माना है , वहीं अभिमान न करने की सलाह

दी है।सेवाभाव के द्‌वारा जनकल्याण संभव है।इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए मनुष्य अपने जीवन की अभीष्ट पथ की ओर बढाए और इस जीवन की सार्थकता को सिद्‌ध करे।

प्रश्न 13 **मूल्यपरक प्रश्न** **5**

'सपनों के- से दिन'पाठ में लेखक ने उस समय कि पढ़ाई के तरीकों के बारे में बताते हुए कहा है कि बचपन में सभी बच्चों के साथ उनकी भी पिटाई भी होती थी नंगे-पाँव , फटे- मैले वस्त्र और बिखरे हुए बाल लेकर सभी खेलते हैं।पढ़ाई के तरीके भी आधुनिक न थे।छोटी सी गलती होने पर रूई की तरह धुनाई करना, मुर्गे बनाना और चमड़ी उधेड़ देने जैसे तरीके प्रयोग में लाए जाते थे , बच्चों को कभी भी उनके मन के अनुसार पढ़ने , खेलने की अनुमति नहीं होती थी ।उन्हें प्यार से कभी नहीं पढ़ाया समझाया जाता था जोकि बाल मनोविज्ञान के सिद्‌धांतों के विरुद्‌ध था।ऐसी शिक्षा से छात्रों को चँहुमुखी विकास संभव न था।छात्र उसी काम को या पढ़ाई को आनंदपूर्वक कर सकते हैं जिसमें उनके रूचि के अनुकूल वातावरण हो।

**अथवा**

टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग -अलग मज़हब और जाति के थे पर एक अटूट रिश्ते से बँधे थे।' इस कथन के संदर्भ में लेखक का मत है कि टोपी को इफ़्फन दादी अच्छी लगती थी उसका कारण यह था कि उसकी अपनी दादी सदैव उसको डाँटती रहती थी उसे बिल्कुल प्यार न करती थी।इफ़्फ़न की दादी कहानियाँ सुनाती थी उसे अपने पास बैठाती थी।उससे उसकी अम्मा के बारे में पूछती और उसे भी इफ़्फ़न की दुलार करती, ऐसे टोपी को उन्हीं का स्वभाव अच्छा लगता ,उनकी बोली बोलना, शब्दों का उनके तरीके से बोलना टोपी को अच्छा लगता।भले की टोपी हिंदू है और इफ़्फ़न की दादी मुस्लिम है परंतु उनमें प्रेम व स्नेह का रिश्ता था।जिसे कोई जाति या मज़हब बाँट नहीं सकता।वे एक ऐसे अटूट रिश्ते में बन गए कि इस स्नेहमयी भाव में उम्र, जाति और धर्म आड़े नहीं आ सकता।

## खण्ड घ

## (रचना- भाग)

प्रश्न 14 अनुच्छेद रचना

(i) मार गई महँगाई **5**

विषय वस्तु - **2** अंक

शब्द चयन - **2** अंक

भाषा विन्यास - **1** अंक

(ii) इंटरनेट का युवा वर्ग पर प्रभाव **5**

विषय वस्तु - **2** अंक

प्रस्तुति - **2** अंक

भाषा - **1** अंक

(iii) शारीरिक शिक्षा और योग **5**

विषय वस्तु - **2** अंक

प्रस्तुति - **2** अंक

भाषा - **1** अंक

**प्रश्न 15** प्रत्र -रचना **5**

प्रारूप - **2** अंक

प्रस्तुति - **2** अंक

भाषा - **1** अंक

**प्रश्न 16** सूचना लेखन **5**

प्रारूप - **2** अंक

भाषा शैली और प्रवाह - **2** अंक

भाषा शुद्धि - **1** अंक

**प्रश्न 17** **संवाद रचना** **5**

विषय वस्तु का आरंभ - **2** अंक

प्रस्तुति एवम्  प्रवाह - **2** अंक

भाषा शुद्धि - **1** अंक

**प्रश्न 18** **विज्ञापन रचना**

विषय वस्तु प्रस्तुतिकरण - **2** अंक

शब्द चयन - **2** अंक

भाषा शुद्धता - **1** अंक